मध्य प्रदेश के पैराफेंसिंग खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित **14वीं राष्ट्रीय पैराफेंसिंग चैंपियनशिप (व्हीलचेयर तलवारबाज़ी)** में मध्य प्रदेश के **दीपक शर्मा, अरविंद रजक और संजीव कोटिया** ने कांस्य पदक जीते।

प्रमुख बिंदु

- गुना ज़िले के **दीपक शर्मा** ने इंडिविज़ुअल ईपी इवेन्ट में कांस्य पदक जीता। दीपक शर्मा पूर्व में भी कांस्य पदक अर्जित कर चुके हैं। साथ ही **व्हीलचेयर फेंसिंग वर्ल्डकप में भी देश का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश को गौरवान्वित** कर चुके हैं।
- ईपी टीम इवेंट में दीपक शर्मा और ग्वालियर से अरविंद रजक एवं संजीव कोटिया ने संयुक्त कांस्य पदक जीता।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/para-fencing-players-of-madhya-pradesh-won-bronze-medal